# मानव तस्करी करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह का पर्दाफाश, पांच गिरफ्तार

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक छिन्दवाड़ा अजय पाण्डेय व अति. पुलिस अधीक्षक आयुष गुप्ता एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस अमरवाड़ा रविन्द्र मिश्रा के निर्देशन एवं थाना प्रभारी राजेन्द्र धुर्वे के मार्गदर्शन में गम्भीर अपराध के आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार कर त्वरित एवं सख्त कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया हैं।

घटना के संबंध में बताया गया है कि गत 05 जून 2025 की रात्रि को प्रार्थी सुखांता पिता कपिसा नायक उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम गोलबंध, पुलिस थाना रियामाल जिला देवगढ़ उड़ीसा ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि इसकी मां रंगा नायक अपने घर से 26 मार्च 2025 ईलाज कराने हेतु देवगढ़ उडीसा गई थी।



अस्पताल से बाहर निकलने पर कुन्नू उर्फ कंदर्प नायक एवं नंदिनी नायक मिले जिन्होंने ज्यादा मजदूरी देने का लालच देकर पीडिता रंगा नायक को बहला फुसलाकर नरसिंहपुर लेकर गये जहां पर नरसिंहपुर में राकेश शुक्ला मिला जिसके माध्यम से उडीसा निवासी कुन्नू उर्फ कंदर्प नायक एवं नंदिनी नायक तथा नरसिंहपुर निवासी राकेश शुक्ला के द्वारा चौकी सिंगोडी अंतर्गत ग्राम गुरैया निवासी छिदामी मालवीय एवं नीरज मालवीय को 01 लाख रुपये में बेच दिया गया था।

02 जून 2025 को मौका पाकर पीड़िता रंगा नायक आरोपियों छिदामी मालवीय एवं नीरज मालवीय के घर से भाग गई, जिसे गांव वालों के द्वारा पुलिस चौकी लाया गया। पीड़िता के उड़िया भाषी होने तथा हिंदी भाषा का ज्ञान न होने से पीड़िता को वन स्टाफ सेंटर में सुरक्षार्थ रखा गया।

पीड़िता रंगा नायक के परिजनों से उड़ीसा में संपर्क किया गया, उसके बेटे सुखांता नायक के उपस्थित आने पर आरोपीगणो के विरुद्ध अपराध क्रमांक 446/2025 धारा 143(2), 127(4), 351(3), 3(5) बी.एन.एस. पंजीबद्ध किया गया। प्रकरण की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुये वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में आरोपीगण कुन्नू उर्फ कंदर्प नायक निवासी जगपानी उड़ीसा, नंदिनी गायक निवासी अरविल उडीसा, राकेश शुक्ला निवासी नरसिंहपुर, य04द्ध छिदामीलाल मालवीय निवासी गुरैयाए य05द्ध नीरज मालवीय निवासी गुरैया यछिन्दवाड़ाद्ध को चंद घंटों में गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया ।

कार्रवाई में चौकी प्रभारी सिंगोडी उप निरी पंकज राय, सउनि राजकुमार सनोडिया, प्र.आर. रामदयाल मरावी, हरिप्रसाद उइके, आर. इकलेश, पीयुष, उमाशंकर, म.आर. दिव्या बिसेन व काजल बिसेन की महत्वपूर्ण भूमिका रही हैं।

# धोखाधड़ी करने वाला कलेक्शन एजेंट गिरफ्तार

## हिंदुजा लीलेंड फाइनेंस कंपनी का है एजेंट

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक अजय पाण्डेय आई.पी.एस. द्वारा निर्देश के पालन मे तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आयुष गुप्त आई.पी.एस. के मार्गदर्शन मे एवं नगर पुलिस अधीक्षक छिन्दवाडा अजय राणा व थाना प्रभारी कोतवाली आशीष कुमार के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस टीम द्वारा 15,00,000/- रुपये की धोखाधडी कर रुपये हड़पने वाले आरोपी को गिरफ्तार करने मे सफलता प्राप्त हुई है।

घटना का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है- कि प्रार्थी आशीष पिता स्व. प्रेमचंद पाण्डेय उम्र 43 साल निवासी ई.एल.सी. चौक ब्रांच मैनेजर हिंदुजा फाईनेर्स लिमिटेड कंपनी द्वारा एक लिखित आवेदन मय दस्तावेजो के धोखाधडी के संबंध में कार्यवाही हेतु प्रस्तुत किया गया।

आवेदन पत्र की जाँच की गई जाँच में पाया गया कि आरोपी रितिक कोसे पिता दिनेश कोसे उम्र 23 साल निवासी दुनावा जिला बैतुल के द्वारा हिंदुजा फाईनेस लिमिटेड कंपनी छिन्दवाडा में कलेक्शन एक्जीक्युटिव के पद पर कार्य करते हुए कंपनी द्वारा ग्राहको को वाहन के एवज मे दिये फाईनेंस की



रिकवरी के रुपये ग्राहको से प्राप्त कर उन्हे फर्जी रशीद देकर अवैध लाभ अर्जित कर कुल 14,64,387/- रुपये का गबन करना पाये जाने से अपराध क्रमांक 341/2025 धारा 316(5), 318(4), 338, 336(3) बी.एन.एस. का अपराध पंजीबध्द किया गया जो आरोपी रितिक पिता दिनेश कोसे उम्र 23 साल निवासी दुनावा जिला बैतुल को दुनावा से गिरफ्तार किया गया है।

घटना के संबंध में पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा बताया गया कि उसने स्वंय के उपयोग व इलाज हेतु पैसे की आवश्यक्ता होने के कारण ग्राहकों से किस्त की राशि लेकर उनको फर्जी रसीद तैयार कर दी गई थी आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया।

गिरफ्तार आरोपी रितिक कोसे पिता दिनेश कोसे उम्र 23 साल निवासी दुनावा जिला बैतुल म.प्र. से जप्त मशरूखा घटना में प्रयुक्त 01 नग मोबाईल फोन, फर्जी कुटरचित दस्तावेज 15 पैज के जप्त किए है।

आरोपी को पकड़ने में निरीक्षक आशीष कुमार, उप निरीक्षक नारायण सिंह बघेल, प्रधान आरक्षक 824 युवराज रघुवंशी, आरक्षक 994 राकेश बघेल, आर. 482 वीरेन्द्र सनोडिया की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। पुलिस की इस कार्यवाही की प्रशंसा की जा रही है।

## सार-समाचार

### विश्व पर्यावरण दिवस पर तालाब की सफाई कर पौधरोपण करने की ली शपथ ग्रामीणों ने



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** अनुष्का एजुकेशन एंड सोशल वेलफेयर सोसाइटी संबंधित मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद एवं कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के निर्देशन में व मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक अखिलेश जैन के मागदर्शन में विश्व पर्यावरण दिवस आदर्श ग्राम चिचोली में मनाया गया।

इस अवसर पर जल संवर्धन हेतु ग्राम में स्थित तालाब के चारों ओर साफ सफाई कर विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया साथ ही अध्यक्ष श्रीमती जीतिका विश्वकर्मा द्वारा ग्रामीण महिलाओं को पौधारोपण करने एवं पॉलिथिन का उपयोग बंद कर जूट से बनी थैलियों का उपयोग कर हम प्राकृतिक जीवन शैली अपनाने और अधिक से अधिक पौधों का रोपण कर जल का संरक्षण करने शपथ दिलाई गई एवं एक पेड़ पर सकोरा बांधकर पक्षियों के लिए पानी और अन्न की उचित व्यवस्था की गई जिससे दोपहरी पक्षियों को पानी मिल सके। कार्यक्रम में उप सरपंच बुद्धो बाई परते, राजकुमारी, सुरेश, नजरू व अन्य ग्रामीण महिलाएं उपस्थित रही।

### अवैध हाथ भट्टी की बनी कच्ची महुआ शराब जब्त, एक आरोपी को किया गिरफ्तार

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक छिंदवाड़ा अजय पाण्डेय व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आयुष गुप्ता द्वारा अवैध गतिविधियो में संलिप्त अपराधियो के विरूध्द चलाये जा रहे अभियान के तहत प्राप्त दिशा निर्देशों के अमल पर अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) चौरई श्रीमती भारती जाट के नेतृत्व मे एवं थाना प्रभारी चौरई गनपत सिंह उईके के कुशल मार्गदर्शन में चौकी प्रभारी हिवरखेड़ी चेतन मर्सकोले व चौकी स्टाफ ने 06 जून 25 को मुखबिर से प्राप्त सूचना ग्राम बारह बरियारी माचागोरा डेम के डूब क्षेत्र की ओर विमानशा धुर्वे के खेत के पास का नाला मे दबिश देकर एक नफर आरोपी के कब्जे से 04 प्लास्टिक की कैन मे 15-15 लीटर अवैध हाथ भट्टी की कच्ची महुआ शराब कुल 04 प्लास्टिक की कैन में शराब 60 लीटर कीमती 6000 रुपये को जप्त किया गया है। प्रकरण में 01 नफर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है जो न्यायालय द्वारा जेल निरूध्द करने के आदेश दिये गये हैं। अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

निरीक्षक गनपत सिंह उईके, उ.नि. चेतन मर्सकोले, स.उ.नि. दिलीप राजपूत, आर. 869 झनक सनोडिया, आर. 959 दीनानाथ यादव, आर. 428 विमल चौहान, आर. 249 सागर चौहान एवं सै. 197 राजकुमार धुर्वे की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



# आदिवासी प्रीमियर लीग प्रतियोगिता का शुभारंभ

## पूर्व राज्यपाल अनुसुईया उइके ने खिलाड़ियों को मैडल पहना कर किया सम्मानित

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** छिंदवाड़ा में चल रही आदिवासी प्रीमियर लीग (ए.पी.एल.) क्रिकेट प्रतियोगिता के सेमीफाइनल मुकाबले में कल शनिवार 7 जून को पूर्व राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके ने मुख्य अतिथि के रूप में सहभागिता की। उन्होंने खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया।

पूर्व राज्यपाल सुश्री उइके ने कहा कि. ए.पी.एल. अब केवल एक खेल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि आदिवासी युवाओं के सशक्तिकरण और नेतृत्व का प्रतीक बन चुका है। यह आयोजन उन ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों की प्रतिभाओं को एक मंच प्रदान करता है जिन्हें उचित अवसर नहीं मिल पाते। ए.पी.एल. क्रिकेट प्रतियोगिता की शुरुआत आदिवासी और ग्रामीण अंचलों की छिपी हुई खेल प्रतिभाओं को पहचान दिलाने के उद्देश्य से की गई थी। यह आयोजन छिंदवाड़ा जिले के लिए गर्व और समाजिक चेतना का प्रतीक बन चुका है।

इस वर्ष जिले की 16 प्रमुख टीमें जैसे चौरई इलेवन, जुन्नारदेव इलेवन, बिरसा मुंडा इलेवन, हर्रई इलेवन आदि ने भाग लेकर यह सिद्ध किया हैं कि आदिवासी समाज के युवाओं



में खेल की अपार प्रतिभा है।

पूर्व राज्यपाल ने आयोजन समिति को बधाई देते हुए कहा कि आने वाले वर्षों में यह प्रतियोगिता और अधिक विस्तृत और प्रभावशाली रूप लेगी तथा इससे चयनित खिलाड़ी राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर अपना स्थान बना सकेंगे

अंत में उन्होंने सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं और आयोजन समिति विशेषकर महापौर विक्रम अहके और सचिव राघवेंद्र शाह उइके, जिले के सभी आधिकारी, कर्मचारियों एवं प्रतिभाशाली खिलाडियों को धन्यवाद दिया जिन्होंने इस प्रतियोगिता को केवल एक टूर्नामेंट नहीं, बल्कि आदिवासी समाज के उत्थान का अभियान बना दिया।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से सत्येंद्र सिंह मरकाम, आर.एस. उइके, वी.डी. भारती, मनोज सक्सेना, जगदीश ईरपाची, आयोजन समिति के सदस्य, सर्व आदिवासी समाज के पदाधिकारी, कोच, खिलाड़ी एवं बड़ी संख्या में सम्माननीय नागरिकगण मौजूद रहे, जिन्होंने इसे केवल एक टूर्नामेंट नहीं, बल्कि आदिवासी उत्थान का अभियान बना दिया।

# प्रकृति संतुलन में हो सभी का योगदान

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस पर बावड़ी उत्सव बिछुआ विकास खंड के ग्राम खमरा मे जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक अखिलेश जैन, जनप्रतिनिधि में रामसिंह पटेल, बलवीर डेहरिया, सुमरन साहू, शिवराम चोरसिया की उपस्थिति में मनाया गया।

अखिलेश जैन ने कहा की मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की परिकल्पना को साकर करने ओर सांस्कृतिक विरासत ग्राम मे बनी बावड़ी का जीवणोद्वार करने ओर उनको पुर्नजीवन देने के लिए बावड़ी उत्सव का आयोजन हर्षोल्लास से मनाकर उक्त स्थल पर जल स्तर बढ़ाने बेल और आंवला के पौधा का रोपण किया गया। वहीं जनपद पंचायत बिछुआ के द्वारा ग्राम खमरा मे स्थित बावड़ी के संरक्षण के लिए बावड़ी मे भरे मलबे को निकालकर की जा रही सफाई कार्य की भूरी-भूरी प्रशंसा की है।

रामसिंह पटेल ने कहा की ग्राम मे बनी बावड़ी के रख रखाव से स्थानीय स्तर पर पानी के संकट को दूर किया जा सकता है, इस धरोहर का संरक्षण करना हम सबका कर्तव्य होना चाहिए। शिवराम चौरसिया, बलवीर डेहरिया एवं परामर्श दाता योगेश बोपटे ने भी अपने विचार रखते हुए कहा की बावड़ी के जीवणोद्वार का कार्य शीघ्र करने के लिए हम सभी का प्रयास करना होगा जिससे की आम जनो को पेयजल की समस्या से शीघ्र निजात पा सके। 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर समाजसेवी एवं परामर्शदाता श्यामल राव ने बताया की जड़ों के बगैर वृक्ष में बढ़ोत्तरी नहीं हो सकती।

जड़ों से काटकर कोई भी वृक्ष जीवित नहीं रह सकता। हमारे लिए हमारी संस्कृति ही हमारी जड़ है और भारतीय संस्कृति की जड़ों में है वन, वृक्ष, पानी, भूमि, याने की पूरी प्रकृति। प्राकृतिक आभा और हरियाली से आच्छादित हमारी वंसुधरा धीरे धीरे मूल स्वरुप को खोती जा रही है। नदियों का जल अपनी पवित्रता पर अब नाज नहीं कर सकता। वातावरण में बहने वाली हवा भी प्रदूषण के जहर से दूषित है। वहीं श्यामलराव ने कहा कि पर्यावरण की यह दुर्दशा मानव

बलवीर डेहरिया ने अपने अपने क्षेत्र में अपने निस्तार हेतु पेडों की कटाई कर देते है किंतु उसके प्रतिफल में पौधे का रोपण एवं संरक्षण के विषय मे अधिक ध्यान नही देते। पर्यावरण दिवस के अवसर पर हम सब यह संकल्प ले की हम सब अपने अपने घरो मे कम से कम दो पौधे का रोपण करे ओर प्लास्टिक मुक्त करके भावी पीढ़ी को सुरक्षित करने अपील की है।

इसके पश्चात उपस्थित जनप्रतिनिधियो, ग्रामीण जनो एवं छात्रों को जलसंरक्षण की शपथ



जनित कृत्यो से ही हुई है और इसका खामियाजा भी मानव को ही भुगतना होगा। भावी पीढ़ी को अच्छा वातावरण देने की सार्थक पहल करने उपस्थित जनो से अपील की है।

जन अभियान परिषद के विकास खंड समन्वयक दीपक गेडाम ने कहा कि पर्यावरण की दिशा मे पहल करने लिए हमे प्लास्टिक युक्त पन्नी ओर उससे बनी सामग्री को त्यागना होगा, प्लास्टिक मानव जीवन ओर वनजीव के साथ समुद्र में पलने वाले जीव के लिए भी घातक साबित हो रहा है।

दिलाकर दीपों और रंगोली से बावड़ी को सजाकर पूजा अर्चना के साथ उत्सव मनाया और जल गंगा संवर्धन के क्षेत्र मे कार्य करने वाले छात्रो को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने में परामर्शदाता योगेश बोपटे, जमुना चौरिया, रामराज वर्मा, लक्ष्मीधर माहोरे, नवांकुर समिति के विजय वर्मा, भजनलाल वर्मा, प्रस्फुटन समिति से आशीष माहोरे, गणेश डेहरिया, सी.एम.सी.एल.डी.पी. के छात्र रवि पटेल दुर्गेश सोनी का योगदान रहा।

### अचानक कुएं में गिरे 70 वर्षीय वृद्ध की मौत

**पांढुर्णा, देशबन्धु।** पांढुर्णा में अचानक एक 70 वर्षीय वृद्ध कुए में गिर गया जिससे उसकी मौत हो गई है। परिजनों की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला पंजीबद्ध कर पोस्ट मार्टम करने के पश्चात अंतिम क्रिया के लिए शव परिजनों को सौप दिया है।

परिजनों के मुताबिक शनिवार दोपहर करीब 2 बजे कुंए में फंसा शव दिखाई दिया जिसके पश्चात ग्रामीणों ने शव को कुए बाहर निकाला और सिविल अस्पताल पांढुर्णा में पोस्टमार्टम के लिए ले गए। जांच अधिकारी लखन ने बताया कि जांच की जा रही है कोई चश्मदीद गवाह नहीं है इसलिए यह कह पाना कठिन है कि बुजुर्ग गुए में कैसे और कब गिरा। बहरहाल पुलिस पोस्टमार्टम के बाद शव को अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौपकर हर एंगल से जांच कर रही है और जांच उपरांत ही यह पता चल सकेगा कि यह घटना है या दुर्घटना।

### राजस्व विभाग में नहीं है अधिकारियों की पकड़

**सांवरी, देशबन्धु।** राजस्व विभाग में अब वरिष्ठ अधिकारियों की पकड़ दिखाई नहीं पड़ रही है। कलेक्टर से लेकर एस.डी.एम. तक के आदेश को आर.आई., पटवारी, तहसीलदार धता बता रहे है। न तो खसरे अपडेट किए जा रहे है न ही सही ढंग से सीमांकन किया जा रहा है और न ही रिकार्ड दुरूस्त किया जा रहा है। अधिकारियों को बोलने के बाद निर्देश तो दिया जाता है लेकिन मैदानी अमला वही करता है जो उसे करना है। आए दिनों भाई भतीजावाद, जातिवाद तथा लेन देन को लेकर आम आदमी पिस रहा है। शायद यही कारण है कि छिन्दवाड़ा जिले में लगातार लोकायुक्त की टीम भी सक्रिय है।

इन दिनों सांवरी, बदनूर, मोहखेड़, उमरानाला, सिल्लेवानी, चांद, बिछुआ, लिंगा, खूनाझिर और सर्रा, मटकुली क्षेत्र में आर आई, पटवारी, तहसीलदार जनता की समस्या को सुनने के लिए तैयार नहीं है केवल भू माफियाओं के आदेश पर तत्काल हाजिर हो जाते है। यही कारण है कि आए दिनों बलवा, मारपीट, अवैध कब्जे, प्रभावशाली लोगों, किसानों, निजी भूमि स्वामियों के खेतों में कब्जे कर रहे है। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री राजस्व विभाग में सुधार की बात करते नजर आ रहे है लेकिन उन्हें नहीं पता कि मैदानी अमला जिसमें पटवारी, आर आई, नायाब तहसीलदार और तहसीलदार स्तर के अधिकारी क्या खेल खेल रहे है इससे वे अनभिज्ञ है। आम गरीब किसान व्यक्ति आर आई, पटवारी से पंगा लेने के लिए तैयार नहीं है क्योंकि उन्हें धमकिया दी जाती है कि एक बार रिकार्ड बिगाड़ देंगे तो कोर्ट कचहरी के चक्कर लगाते रह जाओगे वरना जैसा सिस्टम है उसको फालो करो और आगे बढ़ो तभी सीमांकन, नामांतरण, आपसी भाई बंटवारे और अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही होगी अन्यथा जहां शिकायत करना है करते रहो आपकी मर्जी ऐसी चर्चा आम हो गई है।

# बड़ी एवं छोटी ईदगाह सहित मस्जिदों में पढ़ी गई ईद की नमाज, मांगी अमन चैन की दुआ

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कुर्बानी और समर्पण का त्यौहार ईदु-उल-जुहा बुधवार को पर परागत रुप से मनाया गया। इस मौके सारा दिन शहर के मुस्लिम बहुल इलाके में खासी चहल पहल और रौनक रही। ईद-उल-जुहा के मौके पर अल सुबह से ही नमाजियों ने बड़ी ईदगाह, छोटी ईदगाह और अन्य मस्ज़िदो की तरफ रुख करना शुरू कर दिया था। बड़ी ईदगाह में ठीक 8 बजे ईद की नमाज अदा की गई। यहां हाफिज ने नमाज अदा कराई। छोटी ईदगाह में 8.30 बजे ईद की नमाज अदा कराई। सबसे पहले विभिन्न मस्जिदों में ईद की नमाज हुई। नमाज के बाद मुल्क के अमन चैन, बीमार लोगों को बीमारी से निजात दिलाने, परेशानियों का हल निकालने, मुसीबतों को आसान बनाने, मुश्किलों से निजात दिलाने सहित अपनी जायज मुरादों को पूरा करने के लिए अल्लाह से दुआ मांगी गई। नमाज के बाद लोग कब्रस्तान पहुंचे और फातेहा पढ़कर मरहूमों के हक में दुआ-ए-खैर मांगी। इस मौके पर जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक एवम् पुलिस अधिकारियो ने ईदगाह पंहुकर लोगी को ईद की मुबारबाद दे रहे थे। इस मौके पर लगभग 10 हजार मुस्लिम भाईयों ने बड़ी ईदगाह में एक साथ नमाज अदा की और मुल्क के लिए अमन चैन की दुआऐं मांगी।



## सैंकड़ों बकरो की हुई कुर्बानी

ईद-उल-अजहा के मौके पर शहर में सैंकड़ों बकरों की कुर्बानी दी गई। लोगों ने खुदा की बारगाह में कुर्बानियां दी। बकरीद पर कुर्बानी देने के लिए लोगों ने एक से बढ़कर एक बकरे खरीदे थे। कुर्बानी से पहले इन बकरों को नहला धुलाकर इत्र और सुरमा भी लगाया गया जहां सैकड़ो बकरो की कुर्बानी दी गई।

## मुबारकबाद और दावतों का दौर चला

बकरीद के मौके पर सारा दिन दावतों और मुबारक बाद का दौर चलता रहा। लोगों ने एक दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबाकर बाद दी। वहीं लोग अपने दोस्तों और रिश्तेदारों के यहां पहुंचे और शानदार दावत का लुत्फ भी उठाया। पकवानों की खुशबू से सारा माहौल खुशनुमा हो गया था।

छाया- शेख अल्फाज

# तीन मरीजों को मिली आर्थिक सहायता

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** सांसद बंटी विवेक साहू के प्रयासों से 3 गंभीर रूप से बीमार मरीजों को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपनी स्वेच्छानुदान निधि से एक लाख 15 हजार की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है।

सांसद श्री साहू से मुलाकात करते हुए तीनों मरीजों एवं उनके परिजनों ने उनकी आर्थिक स्थिति का हवाला देते हुए इलाज करने में असमर्थ होने की जानकारी देते हुए आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के लिए गुहार लगाई थी, जिसे गंभीरता से लेते हुए सांसद श्री साहू ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र प्रेषित करके तीनों मरीजों की आर्थिक स्थिति का हवाला देते हुए आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने का निवेदन किया था। जिसे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भी गंभीरता से लेते हुए तीनों मरीजों को एक लाख 15 हजार रूपये की आर्थिक सहायता उपलब्ध करा दी है।

जिन मरीजों को आर्थिक सहायता प्राप्त हुई है उनमें अमरवाड़ा के ग्राम मोरखा निवासी श्रीमती हरो बाई कुमरे पति महेश को 40 हजार, उमरेठ के ग्राम गाजनडोह निवासी कैलाश बाथरी पिता शिब्बूलाल 35 हजार, चांदामेटा वार्ड नंबर 21 मांगली बाजार निवासी मनोज वर्मा पिता जगतलाल वर्मा को 40 हजार की राशि शामिल है। सांसद के प्रयास से सहायता राशि मिलने पर तीनों गंभीर बीमारी से पीड़ित मरीजों का अस्पताल में इलाज हो सकेगा। आर्थिक सहायता मिलने पर मरीजों और उनके परिजनों ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और सांसद बंटी विवेक साहू का आभार व्यक्त किया है।

## सार-समाचार

# गुढ़ी अम्बाड़ा में मनाया गया ईद-उल-अज़हा का पर्व



**गुढ़ी अम्बाड़ा, देशबन्धु।** त्याग और कुर्बानी का त्यौहार ईद उल अज़हा गुढ़ी अम्बाड़ा में मनाया गया इस दौरान मुस्लिम समुदाय के द्वारा शनिवार को ईद.उल.अजहा की विशेष नमाज अदा की गई। हिलटॉप (गुढ़ी) स्थित ईदगाह में सुबह 9.00 बजे से ईद उल अजहा की नमाज अदा की गई। ईद उल अजहा की विशेष नमाज अदा करने के बाद पेश इमाम जामा मस्जिद गुढ़ी अम्बाड़ा एवं पेश इमाम मदीना मस्जिद सियाल के अलावा सभी उपस्थित आवाम के द्वारा अपने क्षेत्र मे आपसी भाईचारा कायम रहने सहित देश में अमन व सुकुन की दुआ मांगी गई साथ ही साथ देश में आपसी सौहार्द व भाईचारा बना रहे इसी को लेकर दुआएं की गई इसके बाद सभी ने आपस मे एक दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी।

इस दौरान गुढ़ी अम्बाड़ा क्षेत्र के मुस्लिम समुदाय के लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहे। जुन्नारदेव थाना प्रभारी राकेश सिंह बघेल के मार्गदर्शन में अम्बाड़ा चौकी प्रभारी तरुण सिंह मरकाम एवं अंबाड़ा चौकी का पुलिस महकमा भी ईदगाह क्षेत्र में मौजूद रहकर सुरक्षा व्यवस्था मे लगे रहे एवं उन्होंने भी उपस्थित मुस्लिम समुदाय के लोगों को ईद उल अज़हा की मुबारकबाद दी।

# नोडल व अन्य अधिकारियों की बैठक आयोजित

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह द्वारा टी.एल. की बैठक में दिये गये निर्देशों के परिपालन में सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग छिंदवाड़ा के द्वारा आज शनिवार को धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान योजना के अन्तर्गत सभी विकासखण्डों के नोडल अन्य अधिकारियों की कलेक्टर सभाकक्ष में बैठक ली गई।

बैठक में 15 जून से 30 जून 2025 तक इस अभियान के तहत जागरूकता एवं सेचूरेशन शिविर के आयोजन संबंधी निर्देश दिये गये। धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान में सेचूरेशन के संबंध में समीक्षा की गई एवं सेचूरेशन पूर्ण करने के लिये आवश्यक निर्देश दिये गये। धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान में आधार कार्ड, समग्र आई डी, जाति प्रमाण प्रत्र, जनधन खाता, आयुष्मान कार्ड, एफ.आर.ए., पट्टा, राशन कार्ड, पी.एम. किसान सम्मान निधि, किसान क्रेडिट कार्ड बनाये जायेंगे। बैठक में सहायक संचालक, क्षेत्र संयोजक, जिला प्रबंधक-ई गवर्नेंस, सर्व विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, सर्व विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक, सर्व विकासखण्ड कार्यक्रम प्रबंधक, सर्व खण्ड पंचायत इन्सपेक्टर एवं मण्डल संयोजक सम्मिलित हुए।



# भगवान की कृपा होती है, तभी सुनने को मिलती है कथा : संगीता किशोरी

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** गांधीगंज पंचेस्वर हनुमान मंदिर में एकल अभियान व हरि कथा समिति द्वारा श्री राम कथा के आयोजन में वनवासी कथाकार संगीता किशोरी ने कहा कि जब भगवान की कृपा होती हैं तभी राम कथा सुनने को मिलती है।

यह संयोग मंदिर में भगवान जी के प्राण प्रतिष्ठा हुई है, आप लोग सौभाग्यशाली है जो राम कथा सुन रहे हैं उन्होंने तुलसीदास जी द्वारा रामायण के लेखन का उल्लेख करते हुए उसका महत्व बताया।

राम कथा के पूर्व कलश यात्रा निकाली गई जो शहर की विभिन्न मार्ग से घूमती हुई मंदिर पहुंची। गांधीगंज व्यापारी मंडल के अध्यक्ष उमेश अग्रवाल एवं जितेश अग्रवाल ने व्यास पूजन किया एवं कथाकर स्वागत किया। जिला भाजपा के अध्यक्ष शेषराव यादव, विजय पांडे, धर्मेंद्र मिगलानी, अजय सक्सेना एवं अन्य भाजपा नेताओं ने व्यास कथाकार का स्वागत किया

समिति के अध्यक्ष पुरुषोत्तम साहू, प्रसाद नंदनवार, गोविंद चौरसिया, कुबेर सिंह सूर्यवंशी, श्रीमती शशि अग्रवाल, सुश्री आराधना शुक्ला, दशरथ साहू, मोरेश्वर मर्सकोले, श्री कुसरे एवं एकल के कार्यकर्ता उपस्थित थे




# अमरवाड़ा में हर्षोल्लास से मनाई बकरीद

**अमरवाड़ा, देशबन्धु।** कल शनिवार को हर साल के मुताबिक इस साल भी शहर में आपसी भाईचारे और त्याग बलिदान के पर्व ईद उल जुहा का त्यौहार अकीदत के साथ मनाया गया। प्रात: ईदगाह में ईद की नमाज अदा की गई एवं शहर मुल्क और पूरे आवाम के लिए सुख समृद्धि अमन चैन और हिफाजत की दुआ की गई। दुआ के बाद लोगों ने एक दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। इस मौके पर नगर पालिका द्वारा आयोजित ईद मिलन समारोह में उपस्थित प्रशासनिक अधिकारी कर्मचारियों एवं गणमान्य नागरिकों ने भी मुस्लिम बंधुओं को ईद की मुबारकबाद दी।

# बैडमिंटन कैम्प में प्रशिक्षकों का किया सम्मान



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जिला बैडमिंटन संघ द्वारा प्रति वर्ष ग्रीष्मकालीन समर कैम्प के उपरांत जिला स्तरीय बैडमिंटन सीनियर/जूनियर प्रतियोगिता का आयोजन ओलिंपिक स्टेडियम में किया जा रहा है जिसमें 11, 13, 15, 17, 19 आयु वर्ग व सीनियर महिला पुरुष खिलाड़ी भाग ले रहे है जिससे खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्राप्त हो रहा है।

जिला बैडमिंटन संघ द्वारा शनिवार 7 जून को जिला बैडमिंटन संघ द्वारा एक माह चले ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर का विधिवत समापन पुरस्कार वितरण के साथ सम्पन्न हुआ। इस कैंप में प्रशिक्षक के रूप में सेवाएं देने वाले कोच अक्षय मक्कड़, भाविक धुर्वे, भविष्य सूर्यवंशी, अश्वंत मार्को, निकुंज डेहरिया, महिमा यादव, तरुण सोनी, लक्ष्मी मार्को, निष्ठा डेहरिया, पार्थ चौकसे, वैभव वाडिवा, प्रकृति विश्वकर्मा, अंकिता कुम्हरे को सम्मानित किया गया। इसी के साथ कैंप में उत्कृष्ट प्रदर्शन व अनुशासन में रहने वाले खिलाड़ी वानी साहू, विशेष जुनेजा, राहुल सिसोदिया, लक्ष्य, तनिषा सक्सेना, इशी भावरकर, ध्रुव डोडानी, विराट साहू, निवान साहू, समभावी, विराज जैन, यशिका, प्रथमेश चौरसिया व अर्क सोनी को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए प्रमाण पत्र, मेडल व ट्रॉफी से सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर बतौर विशिष्ट अतिथि उद्योगपति नरेंद्र साहू, प्रियकांत जुनेजा, इंद्रजीत सिंह बैंस, अरविंद गिरेहटकर, अक्षय मक्कड़, अतिकेश मेहता विशेष रूप से उपस्थित थे। आयोजन एवं कार्यक्रम का संचालन बैडमिंटन कोच व सचिव जावेद खान ने किया जिले की टीम के चयनकर्ता के रूप में इंद्रजीत सिंह बैस, जावेद खान, राकेश चौरसिया, अक्षय मक्कड़, अतिकेश मेहता, विनय सिंह चंदेल, रिया मेहता, कोमल साहू, रत्नेश दुबे, अश्वंत मार्को, महिमा यादव, निकुंज डेहरिया, पार्थ चौकसे उपस्थित रहें।

# डालमिया सीमेंट ने की मोबाइल मेडिकल यूनिट लॉन्च

## छिंदवाड़ा में ग्रामीण स्वास्थ्य सेवा को बनाएंगे सशक्त

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाएं पहुँचाने के लिए एक अहम पहल करते हुए भारत की प्रमुख सीमेंट कंपनियों में से एक डालमिया सीमेंट (भारत) लिमिटेड (डीसीबीएल) ने अपने मंडला नॉर्थ कोल माइन टीम के माध्यम से विश्व पर्यावरण दिवस पर छिंदवाड़ा (मध्यप्रदेश) में मोबाइल मेडिकल यूनिट (एमएमयू) की शुरुआत की।

इस मोबाइल यूनिट के माध्यम से डालमिया सीमेंट का उद्देश्य दुर्गम क्षेत्रों में नियमित स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराकर इस क्षेत्र को सहायता प्रदान करना है। एम.एम.यू. सात परियोजना-प्रभावित गांवों- बिछुआ पत्थर, सानवला ढाना, देवरी, सेठिया, सिरगोडा, मंडला और तेंदुखेड़ा में नियमित रूप से नि:शुल्क चिकित्सा जांच और दवाइयों की सुविधा उपलब्ध कराएगी।

इस यूनिट में एक डॉक्टर, एक नर्स और एक फार्मासिस्ट की टीम तैनात रहेगी। इस पहल की शुरुआत डालमिया सीमेंट के डिप्टी एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर कोल ऑपरेशंस संदीप कुमार जैन ने की। कार्यक्रम में कंपनी के अन्य अधिकारी और वॉकहार्ट फाउंडेशन के टीम लीडर समीर जायसवाल भी मौजूद रहे।



इस अवसर पर डालमिया भारत के नेशनल मैन्युफैक्चरिंग हेड गणेश जिरकुंतवार ने कहा कि- डालमिया भारत में हमारा मानना है कि समुदायों का स्वास्थ्य और कल्याण ही हमारे सतत विकास के विज़न का मूल आधार है। मोबाइल मेडिकल यूनिट की शुरुआत इस बात का प्रमाण है कि हम दूर-दराज और उपेक्षित क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की कमी को पूरा करने के लिए लगातार प्रयासरत हैं।

इस पहल के माध्यम से हम उन ग्रामीणों तक जरूरी चिकित्सा सुविधाएं पहुँचाना चाहते हैं, जिन्हें अब तक बुनियादी स्वास्थ्य सेवाएं भी आसानी से उपलब्ध नहीं हो पाती है। इस प्रयास को सफल बनाने में सहयोग देने के लिए हम वॉकहार्ट फाउंडेशन के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करते हैं।

डालमिया भारत ग्रामीण समुदायों के सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण के प्रति अपने संकल्प पर स्थिर है। कंपनी का उद्देश्य सतत विकास को बढ़ावा देकर मजबूत और आत्मनिर्भर समुदायों का निर्माण करना है। इस योजना कार्यक्रम का लाभ उन क्षेत्र के ग्रामीणों को मिल सकेगा इसमें मीडिया के सहयोग की अपेक्षा है।

# दया चौरसिया ने राहगीरों को दुर्घटना से बचाने को लगाया रेडियम



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** शहर में नित नये दिन हो रही वाहन दुर्घटना लोगों के लिये जानलेवा सिद्ध हो रही है, इन दुर्घटनाओं के पीछे कुछ हद तक प्रशासन भी जबावदार है क्योंकि जहॉ-तहॉ मुख्य चौराहों एवं नाले पर पुलिया तो हैं, परंतु ये ही पुलिया रात्रि में वाहन चालकों के लिये जानलेवा साबित हो रही है। इन दुर्घटनाओं से बचने के लिये समाजसेवी दयानंद चौरसिया ने पूर्व में वी.आई.पी. रोड पर रेडियम पट्टी लगायी। इसी क्रम में आज पुन: शिक्षक कालोनी स्थित नाले पर राहगीरों को दुर्घटना से बचने समाजसेवी ने रेडियम पट्टी लगाकर एक ओर आम जनता को तो जागरूक किया ही वहीं प्रशासन का भी इस ओर ध्यान आकर्षित कराया है, जिससे कि नगर में आये दिन हो रही दुर्घटनाओं पर रोक लग सके। दयानंद ने बताया कि उनकी यह मुहिम आगामी दिनों में भी निरंतर जारी रहेगी। क्योंकि जैसे ही मानसून प्रारंभ होगा बारिस के चलते लोगों को रात्रि में मुख्य रास्ता नहीं दिखने के कारण और दुर्घटनायें और बढ़ेगी इसलिये रेडियम लगाने से राहत मिलेगी

# भ्रष्टाचार की गंगोत्री में डुबकी लगा रहा है पीडब्ल्यूडी का भवन विभाग

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** शहर छिन्दवाड़ा में लोक निर्माण विभाग भवन जिसे पी आई ओ बोलते है यहां भ्रष्टाचार की गंगोत्री में एक प्रभारी सहायक यंत्री डुबकी लगा रहा है उसके रिटायरमेंट के 3 माह शेष है जिससे वह वसूली में जुटा हुआ है और कथड़ी ओढ़कर घी पीने के बाद अपने आपको ईमानदार बता रहा है